# Model Paper-2021
# सामान्य हिन्दी

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** MM: 100

---

**निर्देश**—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

## खण्ड 'क'

**1.** (क) 'सौ अज़ान एक सुजान' के लेखक हैं— 1

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) प्रतापनारायण मिश्र
(iii) श्यामसुन्दरदास (iv) बालकृष्ण भट्ट।

(ख) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' की कृति 'अपनी खबर' किस विधा की रचना है— 1

(i) संस्मरण (ii) आत्मकथा
(iii) जीवनी (iv) रेखाचित्र।

(ग) 'कवि-वचन-सुधा' के सम्पादक थे— 1

(i) लालकृष्ण भट्ट (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(iii) प्रतापनारायण मिश्र (iv) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'।

(घ) सरदार पूर्णसिंह किस युग के लेखक हैं— 1

(i) भारतेन्दु युग (ii) द्विवेदी युग
(iii) छायावाद युग (iv) प्रगतिवाद यग।

(ङ) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी— 1

(i) चिन्तामणि (ii) पंच परमेश्वर
(iii) कुटज (iv) चन्द्रकान्ता।

**2.** (क) 'अज्ञेय' जी की रचना है— 1

(i) कुरुक्षेत्र (ii) हरी घास पर क्षण भर

(iii) रश्मिरथी (iv) हुंकार।

(ख) रीतिमुक्त कवि हैं— 1

(i) बिहारी (ii) भूषण

(iii) केशव (iv) घनानन्द।

(ग) हिन्दी साहित्य के किस काल को पूर्व मध्यकाल कहा जाता है— 1

(i) आदिकाल (ii) भक्तिकाल

(iii) रीतिकाल (iv) आधुनिक काल।

(घ) सुमित्रानन्दन पन्त को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला था— 1

(i) 'लोकायतन' पर (ii) 'कला और बूढ़ा चाँद' पर

(iii) 'चिदम्बरा' पर (iv) 'अतिमा' पर।

(ङ) 'कामायनी' में सर्गों की संख्या कितनी है— 1

(i) बारह (ii) चौदह

(iii) पन्द्रह (iv) सत्रह।

**3.** दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $5 \times 2 = 10$

जन का प्रवाह अनन्त होता है। सहस्रों वर्षों से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातःकाल भुवन को अमृत से भर देती हैं तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है। इतिहास के अनेक उतार-चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र-निवासी जन

Gyansindhu Coaching Classes

**4.** दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

$5 \times 2 = 10$

कहते आते थे यही अभी नरदेही,
‘माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही।’
अब कहें सभी यह हाय! विरुद्ध विधाता,—
‘है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता।’

**प्रश्न**—(क) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

*अथवा* उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या/भावार्थ कीजिए।

(ग) “कहते आते थे यही अभी नरदेही, माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही।” इस पंक्ति के माध्यम से कैकेयी ने क्या कहा है?

(घ) कैकेयी के अनुसार उनसे हुआ पाप किसने कराया?

(ङ) ‘नरदेही’ शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

सावधान मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध है तू शिशु अभी अज्ञान;
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान,
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगी अंग तीखी है बड़ी यह धार।।

**प्रश्न**—(क) विज्ञान को तलवार क्यों कहा गया है?

(ख) मनुष्य को शिशु और अज्ञान क्यों बताया गया?

(ग) यहाँ मानव को क्या सन्देश दिया गया है?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ का शीर्षक और उसके कवि का नाम लिखिए।

**5.** (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए—
(शब्द सीमा; अधिकतम 80 शब्द) 3 + 2 = 5

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल
(ii) डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम
(iii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए—
(शब्द सीमा; अधिकतम 80 शब्द) 3 + 2 = 5

(i) सुमित्रानन्दन पन्त
(ii) रामधारीसिंह 'दिनकर'
(iii) महादेवी वर्मा।

**6.** 'बहादुर' **अथवा** 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखिए। 5

*अथवा* 'ध्रुवयात्रा' के कथानक की विवेचना कीजिए।

**7.** स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के प्रश्न का उत्तर दीजिए—(शब्द सीमा; अधिकतम 80 शब्द) 5

(i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर श्रवणकुमार की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

*अथवा* 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'सन्देश' खण्ड की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के सप्तम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

*अथवा* 'रश्मिरथी' के आधार पर 'कृष्ण' का चरित्रांकन कीजिए।

(iii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

*अथवा* 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गांधी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iv) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।

*अथवा* 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए।

(v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

*अथवा* 'त्यागपथी' के आधार पर राज्यश्री का चरित्रांकन कीजिए।

(vi) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

*अथवा* 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-न्चित्रण कीजिए।

## खण्ड 'ख'

**8.** (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

संस्कृस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थं यादृशी सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत्।

*अथवा* अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंहं राजानमकुर्वन। मत्स्या आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्ण हंसम्। तस्य पुनः सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत। स तस्यै वरमदात् यत् सा आत्मनश्चित्तरुचितं स्वामिनं वृणुयात् इति।

(ख) दिए गए पद्यांशों/श्लोकों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2 + 5 = 7

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।

अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्यायात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः।।

*अथवा* जयन्ति ते महाभागा जन-सेवा-परायणाः।
जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित्।।

**9.** निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर वाक्य का प्रयोग कीजिए— 1 + 1 = 2

(i) अपना उल्लू सीधा करना। (ii) घी के दीये जलाना।
(iii) एक पंथ दो काज। (iv) एक अनार सौ बीमार।

**10.** (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए—

(i) 'अत्याचार' का सही सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) अत्य + आचारः (ब) अति + आचारः
(स) अत् + आचारः (द) अ + त्याचारः।

(ii) 'राजर्षिः' का सही सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) रा + अजर्षिः (ब) राजस् + ऋषि
(स) राज + ऋषिः (द) राजन् + ऋषिः।

(iii) 'नायकः' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) नै + अकः (ब) न + आयकः
(स) नायक + अकः (द) नो + अकः।

(ख) निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही चयन कीजिए—

(i) 'आत्मनाम्' शब्द में विभक्ति और वचन है— 1
(अ) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन
(ब) तृतीया विभक्ति, बहुवचन
(स) पंचमी विभक्ति, बहुवचन
(द) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन।

(ii) 'नामसु' शब्द में विभक्ति और वचन है— 1
(अ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन
(ब) पंचमी विभक्ति, एकवचन
(स) षष्ठी विभक्ति, द्विवचन
(द) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन।

**11.** (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए—

(i) अभय-उभय— 1

(अ) भयपूर्ण और भयरहित

(ब) भयहीन और दोनों

(स) आकाश और पृथ्वी

(द) आशा और लापरवाही।

(ii) कुल-कूल— 1

(अ) पूरा और अधूरा

(ब) यहाँ और वहाँ

(स) इस ओर और उस ओर

(द) वंश और किनारा

(ख) (i) 'उदधि' शब्द का कौन-सा अर्थ सही नहीं है— 1

(अ) उत्तम दधि (ब) समुद्र

(स) सागर (द) जलधि।

(ii) 'करि' शब्द के सही अर्थ को चुनकर लिखिए— 1

(अ) हाथी (ब) सूँडवाला

(स) करनेवाला (द) चोर।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक **शब्द** का चयन करके लिखिए— 1 + 1 = 2

(i) जिसका ज्ञान कम हो—

(अ) अल्पज्ञ (ब) अज्ञेय

(स) अनजान (द) अक्षम।

Solved By-Arunesh Sir

(ii) जंगल में स्वयं लगनेवाली आग—

(अ) सर्वाग्नि (ब) बड़वाग्नि

(स) जठराग्नि (द) दावाग्नि।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए— 1 + 1 = 2

(i) कृष्ण और राधा नृत्य कर रहा है।

(ii) मैं कलम के साथ लिखता हूँ।

(iii) अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहा है।

(iv) सूर्य पूरब में निकलता था।

**12.** (क) 'हास्य' रस **अथवा** 'वीर' रस का स्थायी भाव बताते हुए उसकी परिभाषा **अथवा** उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

(ख) 'अनुप्रास' अलंकार **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

(ग) 'सोरठा' छन्द **अथवा** 'कुण्डलिया' छन्द का मात्रासहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1 + 1 = 2

**13.** अपने क्षेत्र में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति का वर्णन करते हुए नगर आयुक्त को एक पत्र लिखिए। 6

*अथवा* अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के लिए शैक्षिक ऋण प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी बैंक के प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

**14.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए— 9

(i) विद्यालयों में खेल-शिक्षा का महत्त्व

(ii) परिश्रम का महत्त्व

(iii) भारतीय संस्कृति : संरक्षण और संवर्द्धन

(iv) महिला आरक्षण की सार्थकता।

Solution By- Arunesh Sir